## महत्वपूर्ण एवं खास

### हॉस्टल से दो नाबालिग का अपहरण, जुर्म दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** कार्डिनल वारियर स्कूल माना के हॉस्टल से अज्ञात व्यक्ति ने दो बच्चों को बहला फुसलाकर ले गया। पीड़ित की शिकायत पर माना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार 36 वर्षीय पीड़ित ने माना थाना में शिकायत किया कि अज्ञात आरोपी ने कार्डिनल वारियर स्कूल के हॉस्टल में रहने वाले 15 और 14 वर्षीय दो बच्चों को बहला फुसलाकर ले गया। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अज्ञात ने 1 ऑटो व 7 दोपहिया में लगाई आग

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के आरडीए कॉलोनी बोरियाखुर्द से बड़ी खबर सामने आ रही है. यहाँ देर रात अज्ञात व्यक्ति ने 7 दो पहिया वाहन और 1 ऑटो में आगजनी की घटना को अंजाम दे दिया है. आग लगने की यह घटना करीब रात 3 बजे की है. स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी तुरंत पुलिस और दमकल विभाग दिया। जिसके बबाद दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर करीब दो घंटे मशक्कत के बाद काबू पाया। पीड़ित व्यक्ति अपने पडोसी पर शक जाहिर कर रहा है. बताया जा रहा है दोनों के बीच कुछ दिन पहले विवाद हुआ था. टिकरापारा थाना क्षेत्र पुलिस जाँच में जुट गई है।

### अकलतरा गेट 2 से 4 दिसंबर तक रहेगा बंद

**रायपुर (आरएनएस)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत आने वाले अकलतरा गेट में आवश्यक मरम्मत कार्य के लिए सडक़ यातायात 2 दिसंबर सुबह 8 बजे से 4 दिसंबर को शाम 6 बजे तक बंद रहेगा। रेलवे सूत्रों ने बताया कि रेलवे समपार क्रमांक 380 अकलतरा गेट निपनिया-भाटापारा में रेल मरम्मत कार्य हेतु सडक़ यातायात 2 दिसंबर से 4 दिसंबर से बाधित रहेगा। इस दौरान यहां आवश्यक रख-रखाव और मेंटनेंटस के साथ ही मरम्मत आदि का कार्य पूर्ण किया जाएगा। सडक़ आवागमन सुबह 2 दिसंबर को सुबह 8 बजे से 4 दिसंबर से शाम 6 बजे तक पूरी तरह से बंद रहेगा।

### राज्यपाल को सोल्जराथान कार्यक्रम के लिए आमंत्रण दिया सैन्य अधिकारियों ने

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल रमेन डेका से आज यहां राजभवन में कोसा मुख्यालय छत्तीसगढ़ एवं ओड़ीसा सब एरिया नया रायपुर के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों कर्नल सुमीत शर्मा एवं कर्नल शैलेन्द्र पटनायक ने सौजन्य भेंट की। उन्होंने विजय दिवस के अवसर पर सेंट्रल पार्क नया रायपुर में आयोजित होने वाले सोल्जराथान कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल को आमंत्रित किया। यह दौड़ कार्यक्रम सन 1971 में भारत की पाकिस्तान पर विजय की स्मृति में मनाए जाने वाले विजय दिवस के अवसर पर आयोजित की जा रही है, जिसमें सेना के योद्धाओं के साथ-साथ आम नागरिक भी भाग लेंगे।

### शासकीय चिकित्सालयों में एड्स संक्रमित मरीजों का हो रहा नि: शुल्क इलाज

**एड्स मरीजों की पहचान रखी जा रही गुप्त**

**रायपुर (आरएनएस)।** स्वास्थ्य संचालनालय से मिली जानकारी के अनुसार मेकाहारा, जिला अस्पतालों संपूर्ण राज्य के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं सामुदायिक चिकित्सा केन्द्रों में एचआईवी एड्स संक्रमितों का ईलाज नि: शुल्क किया जा रहा है। एचआईवी पीड़ितों की पहचान गुप्त रखी जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने एचआईवी एड्स पीड़ितों से अधिक से अधिक संख्या में उक्त शिविरों में सुरक्षित ईलाज कराकर लाभ लेने की अपील की है। संचालनालय के आयुक्त ने एचआईवी एड्स को लाईलाज ना बताकर पीड़ितों को ईलाज के लिए संपुर्ण राज्यों के स्वास्थ्य कें न्द्रों एवं जिला अस्पतालों के प्रमुखों से उक्त मामले में केंन्द्र तक पहुंचने के लिए प्रेरित करने की अपील की है।

# सरेण्डर करने वाले नक्सली और पीड़ितों को मिलेगा मकान

**रायपुर | आरएनएस**



छत्तीसगढ़ सरकार ने आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल पीड़ित परिवारों को राहत देने उनके पुनर्वास के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया है. जिसके तहत राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत 15000 आवासों की स्वीकृति प्रदान की है। आत्मसमर्पित करने वाले नक्सलियों एवं पीड़ित परिवारों के पुनर्वास को लेकर सरकार गंभीर है और उन्हें मुख्यधारा में लाने सकारात्मक प्रयास कर रही है. सीएम साय ने कहा कि नक्सल प्रभवित क्षेत्रों में रहने वाले आत्मसमर्पित नक्सलियों और पीड़ित परिवारों को मुख्यधारा में जोडऩे के लिए यह पहल एक बड़ा कदम है.सीएम साय ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 15000 आवास केवल मकान नहीं बल्कि उन परिवारों के लिए सम्मान और सुरक्षा का प्रतीक है. जिसे हमारी सरकार पूरी पारदर्शिता और तत्परता के साथ लागू करेगी. उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास एवं शांति के लिए एवं उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए हमारी सरकार संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों को आवास मिल जाने से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों को एक सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन प्रदान करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी. यह योजना सामाजिक समरसता और विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक होगी. उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि इस योजना में विशेष रूप से उन परिवारों को शामिल किया जाएगा. जिनका नाम सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना 2011 और आवास प्लस 2018 की सूची में शामिल नहीं था. इन नामों को 6 दिसंबर 2024 तक आवास प्लस पोर्टल पर अपलोड करने की अनुमति केंद्र सरकार द्वारा दी गई है। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह से मिलकर आत्मसमर्पित नक्सलियों एवं नक्सल पड़ित परिवारों हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना देने की स्वीकृति हेतु निवेदन किया था. परिणाम स्वरूप 15 हजार आवास की स्वीकृति भारत सरकार से दी गई है. उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि इस विशेष परियोजना के तहत पुलिस अधीक्षक जिले के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सीईओ जिला पंचायत को आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल पीड़ित परिवारों की सूची प्रदान करेंगे। इसके बाद जिला पंचायत द्वारा इस सूची का सर्वेक्षण और सत्यापन किया जाएगा. सत्यापन उपरांत कलेक्टर के माध्यम से लाभार्थियों के लिए भूमि का चिन्हांकन किया जाएगा. इसके आधार पर प्रधानमंत्री आवास योजना के दिशानिर्देशों के अनुरूप आवास निर्माण की प्रक्रिया आरंभ होगी।

## सैकड़ों लोगों ने लिया नि:शुल्क कैंसर जांच शिविर का लाभ

**बलरामपुर-रायपुर | आरएनएस**

लक्ष्मी मेडिकल स्टोर और संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय नि:शुल्क कैंसर जाँच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जाँच के लिए उपस्थित हुए। इस शिविर का उद्घाटन बलरामपुर के प्रमुख चिकित्सकों और समाजसेवी संगठनों की उपस्थिति में हुआ। डॉ. विवेक पटेल, सीनियर सर्जिकल ऑंकोलॉजिस्ट, संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल ने कैंसर के विभिन्न प्रकारों और उनके कारणों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैंसर का पता समय रहते चलने पर उसका इलाज संभव है और यह हमेशा जानलेवा नहीं होता है। उन्होंने कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों, उनके पहचानने के तरीकों और इसके रोकथाम के उपायों पर भी चर्चा की। शिविर में आने वाले कई मरीजों में कैंसर के शुरुआती लक्षण पाए गए, जिनका उचित जाँच के बाद उन्हें एडवांस लेवल के इलाज के लिए सलाह दी गई। इस पहल से न केवल कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ी, बल्कि लोगों को समय रहते उपचार कराने का भी महत्त्व समझाया गया। बलरामपुर के विभिन्न समाजसेवी संगठनों और चिकित्सकों ने संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन को इस महत्वपूर्ण पहल के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और भविष्य में इसी तरह के आयोजनों में सहभागिता की इच्छा जताई। इस शिविर के माध्यम से संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन ने यह संदेश दिया कि कैंसर के प्रति समय पर जाँच और जागरूकता से इसे काबू किया जा सकता है और इसके इलाज में सफलता की संभावना भी अधिक है।

# लूट के मामले मे हिस्ट्रीशीटर सहित चार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर | आरएनएस**

जिले के थाना अभनपुर क्षेत्र में कृष्णा मल्टी अस्पताल के आगे लूट की घटना को अंजाम देने वाले हिस्ट्रशीटर सहित 4 आरोपियों को अभनपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

बता दें कि पिछले दिनों अभनपुर के कृष्णा मल्टी अस्पताल के आगे लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसकी शिकायत पीडित ने अभनपुर थाने में दर्ज करवाई थी। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना अभनपुर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा प्रार्थी तथा उसके कंडक्टर से घटना व आरोपियों के हुलियों के संबंध में विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल व उसके आसपास लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही लूट के पुराने व हाल ही में जेल से रिहा हुये व्यक्तियों के संबंध में पतासाजी कर उनकी गतिविधियों पर नजर रखीं जा रहीं थी।

प्रकरण में मुखबीर लगाने के साथ ही तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से भी अज्ञात आरोपियों को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी में लगी टीम के सदस्यों को थाना अभनपुर के हिस्ट्रीशीटर राजा निर्मलकर के घटना में संलिप्तता के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई, जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा राजा निर्मलकर को पकडक़र पूछताछ करने पर उसके द्वारा किसी भी प्रकार से अपराध में अपनी संलिप्तता नहीं होना बताकर लगातार टीम के सदस्यों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था, कि प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपने साथी अजीत कुमार सिन्हा उर्फ पतालू, लिकेश यादव एवं वेद प्रकाश साहू के साथ मिलकर लूट की उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया। जिस पर प्रकरण में संलिप्त आरोपी अजीत कुमार सिन्हा उर्फ पतालू, लिकेश यादव एवं वेद प्रकाश साहू की भी पतासाजी कर उन्हें पकड़ा गया।

चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर कब्जे से लूट की 01 नग की-पेड मोबाईल फोन तथा 01 नग आई फ ोन 12 मिनी जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। आरोपी राजा निर्मलकर थाना अभनपुर का हिस्ट्रीशीटर है, जिसके विरूद्ध थाना अभनपुर में चोरी, आम्र्स एक्ट तथा मारपीट सहित अन्य मामलों के लगभग 01 दर्जन अपराध पंजीबद्ध है, जिनमें आरोपी जेल निरूद्ध रह चुका है। आरोपी अजीत कुमार सिन्हा उर्फ पतालू भी पूर्व में लूट के प्रकरण में थाना अभनपुर से जेल निरूद्ध रह चुका है।

मामले में पुलिस ने राजा निर्मलकर पिता स्व. सुरेश निर्मलकर उम्र 25 साल निवासी वार्ड नंबर 03 अभनपुर थाना अभनपुर,अजीत कुमार सिन्हा उर्फ पतालू पिता दूजराम सिन्हा उम्र 20 साल निवासी वार्ड नंबर 03 अभनपुर थाना अभनपुर,लिकेश यादव पिता स्व. परसराम यादव उम्र 19 साल निवासी वार्ड नंबर 03 अभनपुर थाना अभनपुर तथा वेद प्रकाश साहू पिता जेठू राम साहू उम्र 24 साल निवासी वार्ड नंबर 03 अभनपुर थाना अभनपुर को गिरफ्तार किया है।

## बालाछापर के 76 वर्षीय धनेश्वरी सिंह और कोतबा के सुधनी बाई का बनाया गया आयुष्मान वय वंदना कार्ड

**जशपुरनगर | आरएनएस**

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत समस्त 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को लाभ देने ‘‘आयुष्मान वय वंदना‘‘ का शुभारंभ हुआ है। योजना अंतर्गत 5 लाख तक नि:शुल्क इलाज किए जाने का प्रावधान है। इसी तारम्य में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप जिले के सभी वरिष्ठ नागरिकों को योजना का लाभ दिए जाने हेतु सार्थक पहल किया जा रहा है।

कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार जिले के 44 स्वास्थ्य केंद्रों में आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाया जा रहा है। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के टीम द्वारा डोर-टू-डोर जार वृद्धजनों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाया जा रहा है। आयुष्मान वय वंदना योजना का लाभ देने के लिए जशपुर विकासखण्ड के बालाछापर निवासी 76 वर्षीय धनेश्वरी सिंह और कोतबा के सुधनी बाई का कार्ड बनाया गया।

## दो आवेहरलोड ट्रेलर चालकों से वसूला गया 134649 रुपए जुर्माना

**कवर्धा (आरएनएस)।** कवर्धा, यातायात पुलिस द्वारा दिनांक 27.11.2024 को रायपुर रोड में वाहन चेकिंग किया जा रहा था दौरान वाहन चेकिंग के ट्रेलर क्रमांक क्रछव 48 ,त्र्र-2992 का चालक सूरज करण रेगर पिता रमेश चंद्र रेगर उम्र 27 साल साकिन अजमेर थाना सरवाड़ जिला केकड़ी राजस्थान एवं ट्रेलर क्रमांक क्रछव 48 त्र्र-2109 का वाहन चालक चतुर्भुज पिता देवकरण माली उम्र 40 साल साकिन अजमेर थाना सरवाड़ जिला केकड़ी राजस्थान दोनों ट्रेलर के वाहन चालक को रोक कर वाहन का संपूर्ण दस्तावेज पेश करने कहा गया जो वाहन का दस्तावेज पेश किया गया जिसे चेक करने पर उक्त वाहन में लोहे का सरिया लोड होना पाया गया जिसका बिल्टी में वजन 40.450 द्बह्ल दर्शाया गया था एवं एक ट्रेलर के बिल्टी में वजन 40.480 द्बह्ल दर्शाया गया था जिसे धर्म कांटा में ले जाकर कांटा कराया गया जो पंजीकृत भार क्षमता से दोनों ट्रेलरों में लगभग लगभग 21-21 टन माल अधिक होना पाया गया जिसे यातायात शाखा लाया जाकर गाड़ी को सुरक्षत रखकर इस्तगासा क्रमांक 4236/2024 एवं,4237/2024 धारा 113/194 (1)मोटर व्हीकल एक्ट के तहत इस्तगासा तैयार किया गया था जिसे आज दिनांक 29/11/24 को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां न्यायालय द्वारा दोनों ट्रेलरों का 134649 (एक लाख चौतीस हज़ार छ सौ ऊँचास रुपये ) अर्थ दंड से दंडित किया गया है। न्यायालय के आदेश अनुसार जप्त ट्रेलरों को वाहन मालिक को सुपुर्द किया गया।

# ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

- राष्ट्रीय राजमार्ग में दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रही है
- शुक्रवार को पुन: दो दुर्घटना हुई और इसमें एक की मौत हो गई

**कोरबा | आरएनएस**



ग्राम डूमरकछार गाजरनाला के पास ट्रेलर ने बाइक सवार युवक की टक्कर मार दिया। घटना में युवक की स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

पुलिस ने बताया कि शुक्रवार की सुबह आठ बजे डंगनियाखार बांकीमोंगरा निवासी दीपक लाल सोनी 25 वर्ष अपनी बाइक में सवार होकर मार्ग में गलत साइड से डंगनियाखार बांकीमोंगरा से पाली की ओर जा रहा था, तभी बिलासपुर से छड़ लोड कर तेज रफ्तार से आ रही एक ट्रेलर ने उसे गाजरनाला के पास अपनी चपेट में ले लिया। यहां बताना होगा कि इस राष्ट्रीय राजमार्ग में दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रही है।

**तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार घायल**

राष्ट्रीय राजमार्ग में शुक्रवार को ही तेज रफ्तार एक कार क्रमांक 11 बीएम 9451 ने बाइक सवार ने पीछे से टक्कर मार दी। घटना बाद कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। घटना में बाइक 100 मीटर तक घसीटते ले गया। बाद में राहगीरों की मदद से बाइक चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली पहुंचाया। जहां चिकित्सकों के द्वारा उपचार किया जा रहा है। घायल बाइक चालक की पहचान पटपरा निवासी सुरेश कुमार कंवर 40 वर्षीय के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस ने कार चालक के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। बताया जा रहा है कि कार बिलासपुर से बैकुंठपुर जा रही थी। इसी बीच डूमरकछार ओवहरब्रिज से नीचे उतरते रफ्तार तेज होने की वजह से कार ने बाइक को टक्कर मारी।

## एसईसीएल के नए सीएमडी का चयन 07 को, कई अधिकारी दौड़ में

**कोरबा | आरएनएस**




कोल इंडिया की सहायक मिनी रत्न कंपनी एसईसीएल को नया सीएमडी 7 दिसंबर, 2024 को मिल जाएगा। इस दिन सीएमडी के पद के लिए इंटरव्यू होना है। इसमें 12 अधिकारियों को बुलाया गया है।

इंटरव्यू वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुबह 9.30 बजे से 11.30 तक होगा। इंटरव्यू के बाद लोग उद्यम चयन बोर्ड चयनित अधिकारी के नाम की अनुशंसा करेगा?। अधिसूचना जारी होने के बाद चयनित अधिकारी पदभार ग्रहण करेंगे। सीएमडी के लिए आयोजित इंटरव्यू में कोल इंडिया के कई जनरल मैनेजर भी रेस में है। इसके अतिरिक्त विभिन्न कंपनियों के डायरेक्टर भी हैं। कोल इंडिया के बाहर की कंपनियों के सीएमडी और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर भी इंटरव्यू में शामिल होंगे।

जानकारी का मुताबिक ईसीएल के डायरेक्टर फाइनेंस मोहम्मद ए आलम, एनसीएल के डायरेक्टर फाइनेंस रजनीश नारायण, सीसीएल के निदेशक तकनीक हरीश दुहान, एसईसीएल के डायरेक्टर फाइनेंस डी सुनील कुमार, एनसीएल के एरिया जनरल मैनेजर पीडी राठी, बीसीसीएल के जनरल मैनेजर चितरंजन कुमार, महानदी कोलफील्ड लिमिटेड के जनरल मैनेजर सत्यजीत ओझा सीएमडी के रेस में है। इसके अतिरिक्त एनएलसी के डायरेक्टर (माइनिंग) सुरेश चंद्र सुमन, एनएमडीसी के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर सत्येंद्र राय, ईडीसीआईएल के सीएमडी मनोज कुमार, इंडियन रेलवे स्टोर सर्विस के मटेरियल मैनेजर नवीन कुमार सिंह भी सीएमडी के रेस में शामिल हैं।

## हाथियों का उत्पात जारी : समूह में बटे हाथियों ने पीडिया में तोड़े सोलर प्लेट, रौंदी फसल

**कोरबा | आरएनएस**



वन मंडल कोरबा के करतला वन परिक्षेत्र में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। यहां सक्रिय 50 हाथियों का दल अब दो समूह में बट गया है एक में 28 तथा दूसरे में 22 हाथी है। 28 हाथियों वाला समूह रेंज के सूई आरा जंगल में विचरण कर रहा है, जबकि 22 हाथी पीडिया क्षेत्र में मंडरा रहे हैं। पीडिया में मौजूद हाथियों ने बीती रात उत्पात मचाते हुए एक ग्रामीण के खेत में लगे सोलर प्लेट को तोड़ दिया, वहीं कई ग्रामीणें के खेत में तैयार फसल को रौंदने के साथ उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। हाथियों के समूह में बट जाने से खतरा और भी बढ़ गया है। हाथियों की निगरानी करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रात में हाथियों द्वारा पीडिया में किये गए नुकसानी की जानकारी मिलने पर वन विभाग अधिकारी व कर्मचारी आज सुबह मौके पर पहुंचे और आंकलन करने में जुट गए हैं। वहीं हाथियों की मौजूदगी वाले सूईआरा, पीडिया समेत आसपास के गांव में मुनादी करायी जा रही है। ग्रामीणों से कहा जा रहा है कि उनके क्षेत्र में बड़ी संख्या में हाथी घूम रहे हैं अतरू सावधानी बरतते हुए उनसे दूरी बनाए रखें। हाथियों को देखने की चेस्ट ना करें। जंगल जाने से भी बचें। इस बीच कुदमुरा रेंज के गुरमा में मौजूद 12 हाथियों का दल अब कलटी टिकरा पहुंच गया है। हाथियों के इस दल ने भी बीती रात जमकर उत्पात मचाया और 10 ग्रामीणों के धान फसल को तहस-नहस कर दिया है, जिससे संबंधितों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। कलमी टिकरा क्षेत्र में हाथियों के आने से ग्रामीण दहशत में है, वहीं वन विभाग इसकी निगरानी में जुट गया है। उधर कटघोरा वन मंडल में सक्रिय 49 हाथियों का दल अभी भी कोरबा व कोरिया जिले के सीमा पर डेरा जमाए हुए |हाथियों का यह दल कभी कोरबा जिले के गांव में पहुंचकर फसल को नुकसान पहुंचा दे रहा है तो कभी कोरिया जिले के गांव में उत्पात मचाता है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU